




नवभारत

भोपाल, सोमवार, 15 दिसंबर 2025


# परेशानी : ओटीपी बिना नहीं मिल रहा सिलेंडर, उपभोक्ता हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 14 दिसंबर. घरेलू गैस वितरण व्यवस्था में ओटीपी-आधारित डिलेवरी प्रणाली ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है, क्योंकि कई उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है या सिम बंद हो गई है।**

**नई व्यवस्था ने बढ़ाई गैस उपभोक्ताओं की परेशानी**

**कई लोगों ने बदल लिये अपने मोबाइल नंबर**

ऐसे में बिना ओटीपी सिलेंडर नहीं ले पा रहे हैं। खासतौर पर वे लोग जो ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं, उन्हें लगातार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दरअसल पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि उपभोक्ता की सही पहचान करने के साथ गैस वितरण प्रणाली को प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके और गैस सिलेंडर पर दी जा रही सब्सिडी पात्र उपभोक्ता तक पहुंचे। लेकिन अभी तक जिले में ऐसे हजारों गैस उपभोक्ता है, जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई है। ऐसे में अगर इन गैस उपभोक्ताओं ने समय रहते ई-केवायसी नहीं कराई तो गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने से वंचित होना पड़ सकता है। बता दे कि जिले में 3 लाख 48 हजार गैस कनेक्शनधारी हैं और जिन लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराई है, उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी बंद हो सकती हैं। इतना ही नहीं उपभोक्ता का कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है।

**गैस एजेंसी पर लग रही**



**उपभोक्ताओं की कतारे :** एजेंसी संचालक भी इस नई व्यवस्था से दबाव में है। 3.48 उपभोक्ताओं की ई केवायसी कराना एक बड़ा काम है, जबकि अब तक केवल आधे उपभोक्ताओं का ही सत्यापन हो पाया है। एजेंसियों ने कर्मचारियों को अलग से नियुक्त तक करना पड़ा, लेकिन फिर भी प्रक्रिया धीमी ही चल रही है। हर दिन उपभोक्ताओं की लंबी कतारें दस्तावेजों की कमी, नंबर बदलने की समस्या और ओटीपी न आने जैसी शिकायतें आम हो गई है। इधर सिलेंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। एचपी गैस एजेंसी सोनाघाटी के श्री साबले ने बताया कि ई-केवायसी का कार्य चल रहा है। जिन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी नहीं हुई है, वह ई-केवायसी करावा सकते है। जिन्हें नंबर बदलना है, वह भी गैस एजेंसी पर पहुंचकर नंबर बदल सकते है। बताया जा रहा है कि केवाईसी अनिवार्य होने के बाद बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता सामने आ रहे है, जिनका मोबाइल नंबर बदल गया है। नतीजा न तो ओटीपी मिल पा रहा है और न ई-केवाईसी हो रही है। सिलेंडर के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

> जिले में 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है। है। इनमें 2.10 लाख उपभोक्ता उज्जवला योजना के है। सभी को ई-केवायसी करना अनिवार्य है। कितने हितग्राहियों की ई-केवायसी हुई हैं यह मैं देखकर ही बता पाऊंगा।
>
> **– केके टेकाम,** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी बैतूल

### करीब 2 लाख 10 हजार उज्जवला के लाभार्थी

जिले में कुल 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है, जिनमें से 2 लाख 10 हजार उज्जवला योजना के लाभार्थी है। यह वही वर्ग है जो आर्थिक रूप से सबसे कमजोर माना जाता है, लेकिन अब इन्हीं पर नए नियमों का सबसे ज्यादा असर पड़ा है। केवाईसी अनिवार्य होने के बाद बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता सामने आ रहे है, जिनका मोबाइल नंबर बदल गया है। नतीजा न तो ओटीपी मिल पा रहा है और न ई-केवाईसी हो रही है। सिलेंडर के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पेट्रोलियम कंपनियों ने सिलेंडर की डिलेवरी को पूरी तरह बुकिंग और ओटीपी से जोड़ दिया। पहले लोग एजेंसी या डिलेवरी बॉय से सीधे सिलेंडर से भी लेते है, लेकिन अब यह बिल्कुल संभव नहीं है।

### ई-केवायसी नहीं होने पर सब्सिडी होगी बंद

बताया जा रहा है कि ई-केवाईसी नहीं होने पर सब्सिडी बंद हो जाएगी। यानि सरकार द्वारा दी जाने वाली राहत भी अब उन्हीं के लिए कठिन हो गई है, जो पहले से आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पारदर्शिता के नाम पर बनाई गई यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है। जिससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी अलग समस्या है। कुल मिलाकर, सिलेंडर डिलेवरी की नई व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की समस्याएं कम करने के बजाय बढ़ा दी है। गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले गैस सिलेंडर बुक कर देते थे और गैस मिल जाती थी, लेकिन अब ओटीपी बताये बिना गैस एजेंसी के कर्मचारी सिलेंडर नहीं दे रहे है। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ रहा है।

## स्वदेशी मेले में चाकूबाजी, नाबालिग घायल, उपचार जारी

**बैतूल। शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में लगे स्वदेशी मेले के दौरान शनिवार रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है।**

**घायल ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत**

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे**



गंज थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात में 17 वर्षीय नाबालिग युवक पर चाकू से हमला किया गया। घटना रात करीब 9.30 बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान हर्ष उर्फ भूषण पिता कृष्णा आर्य, निवासी चन्द्रशेखर वार्ड बैतूल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हर्ष मेले में घूम रहा था। इसी दौरान दो से तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया, गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक को मेले के पिछले हिस्से में ले गए, जहां भीड़ कम थी। वहां आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक किसी तरह खुद को संभालते हुए मेले के पास स्थित गंज थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना बताई। इसके बाद पुलिस ने रात करीब 12 बजे मामला दर्ज किया। घायल हर्ष को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आरोपियों की पहचान के लिए मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन

**बैतूल।** सहयोग मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा समृद्धि हेल्थ केयर के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में डॉक्टर अनवर गिगानी, डॉक्टर नीलम यादव, डॉक्टर पूजा जावरकर और डॉक्टर ओमप्रकाश नरवरे जांच और परामर्श के लिए उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बीपी, शुगर सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचों की व्यवस्था की गई थी। नि:शुल्क परामर्श शिविर का लाभ उठाते हुए 40 से अधिक लोगों ने परीक्षण




करवाया और उपस्थित चिकित्सकों द्वारा सभी को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उचित परामर्श प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सहयोग मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लगातार समय-समय पर परोपकारी गतिविधियों के माध्यम से जनकल्याण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। इससे पूर्व सोसायटी द्वारा कोसमी क्षेत्र में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### एक नजर में

## मेले में सारनी आएंगे जाने माने सितारे

**सारनी।** बाबा मठारदेव मेले में चार सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के जाने माने सितारे शिरकत करेंगे। बताया जा रहा है कि दस दिवसीय मेले में चार सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बकायदा टेंडर जारी किए है। 15 जनवरी को आदिवासी गीतों के साथ नृत्य की प्रस्तुति, 16 जनवरी को देवी जागरण जिसमें अरुण मनी लख्खा, सन्नी अलबेला, वैशाली रैकवार, महाकाल महाराज का चयन किया गया है। चार कलाकारों मे से दो कलाकार मय टीम के साथ होना अनिवार्य है। इसी तरह 18 जनवरी को आर्केस्ट्रा में पांच कलाकारों का चयन हुआ है। जिसमे नेहा शंकर मुंबई, मयूरी शाह कलकत्ता, मानुषी घोस मुंबई, पलक मुछाल इंदौर, शुभोजीत चक्रवती में से एक कलाकार मय टीम के होना जरूरी है। 20 जनवरी को गीतों का सरगम कार्यक्रम के लिए पांच कलाकार का चयन हुआ है। जिसमे सायली कावले, रागनी शिंदे, मिसमी बोस, प्रियांशु दत्त, आशीष कुलकर्णी शामिल है। पांच में से एक कलाकार मय टीम के जरूरी है। वहीं दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर कई प्रकार की चर्चा चल रही है।

## सम्मेलन की सफलता पर जताया आभार

**बैतूल।** नगर के भगतसिंह बस्ती अंतर्गत विवेकानंद वार्ड में आयोजित हिन्दू सम्मेलन की सफलता के उपरांत हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजन समिति के संयोजक अनिल ओमकार ने बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके कारण कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा वर्ग, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, संस्था संचालक एवं संस्था प्रमुखों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन के दौरान धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा भाव से जुड़े विभिन्न संगठनों ने मिलकर जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। सम्मेलन के अंतर्गत रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर जैसे सेवा कार्यों में भी रक्त वीरों का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिला। सम्मेलन के आयोजन में नगर की विभिन्न मंदिर समितियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

## दीपाली निलय डागा को मिला आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड

**बैतूल।** सतपुड़ा वैली स्कूल बैतूल की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके बेहतरीन योगदान के लिए एजीएन एजुकेशन लीडरशिप समिट इंदौर में आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है जो कि विगत दिनों इंदौर में आयोजित किया गया। उनकी सोच, लगन और अथक प्रयासों ने बैतूल के हर बच्चे के लिए समग्र शिक्षा, रचनात्मकता, इनोवेशन और सर्वांगीण विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर श्रीमती डागा ने कहा की शिक्षा और




संस्कार का उद्देश्य उसके विकास की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। अत: एक आदर्श समाज और व्यक्ति के लिए शिक्षा की भूमिका अनगिनत है। प्रत्येक समाज और राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने व्यक्तियों के लिए समग्र सुख और समृद्धि लाए।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्वदेशी दिवस

**बैतूल। स्वदेशी आन्दोलन पखवाड़े के अंतर्गत शहीद बाबूगेनू बलिदान दिवस 12 दिसंबर को बिजली कर्मचारी महासंघ कार्यालय लिंक रोड टिकारी बैतूल में राष्ट्रभाव के साथ मनाया गया।**

भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि इस आयोजन का संचालन बिजली कर्मचारी महासंघ वृत्त अध्यक्ष चंद्रभान पंडाग्रे, सचिव विजय यादव और सोसाइटी अध्यक्ष संतोष शिंदे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिजली कर्मचारी महासंघ वृत्त अध्यक्ष चंद्रभान पंडाग्रे ने स्वदेशी आन्दोलन के महत्व पर प्रकाश



डालते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सभी की सहभागिता का आह्वान किया। सचिव विजय यादव और दक्षिण संभाग अध्यक्ष संतोष शिंदे ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी जीवन शैली भारत की आत्मनिर्भरता, स्वालंबन और संप्रभुता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और बालगंगाधर तिलक ने स्वदेशी को स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख हथियार के रूप में प्रयोग कर समाज में स्वभाषा, स्वभूषा, स्वधर्म और स्वसंस्कृति के प्रति गौरव जगाया।

## 20 से सलैया में राज्य स्तरीय महिला भजन प्रतियोगिता

**पाथाखेड़ा।** ग्राम सलैया में 20 दिसंबर से दो दिवसीय विशाल राज्यस्तरीय महिला भजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भजन प्रतियोगिता 20 से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर की सुबह तक चलेगी। जिसमें जिले सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से महिला भजन मंडलियां भाग लेंगी और अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी। आयोजक समिति के अनुसार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली भजन मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 4001 रुपये तथा ग्यारहवें एवं अंतिम पुरस्कार के रूप में 551 रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागी महिला भजन मंडलियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा, समाजसेविका मंजू योगेश पंडाग्रे, भाजपा मंडल अध्यक्ष बगडोना दीपक पटेल एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव की उपस्थिति रहेगी।

## मेले में भीड़ होने से पुलिस ने बनाई व्यवस्था

**मुलताई।** नगर में चल रहे ताप्ती मेले में रविवार को अवकाश का दिन होने से जमकर भीड़ दिखाई दी। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ज्यादा संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया वैसे मेले में प्रतिदिन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए है। लेकिन रविवार को अवकाश होने से मेले में ज्यादा भीड़ दिखाई दी,दोपहर में महिलाओ एवं बच्चो की ज्यादा भीड़ होने से महिला पुलिस बल एवं नय पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए, जिससे जेब कतरो एवं चैन स्नेचरों पर नजर रखी जा सके. एवं विवाद ना हो। वहीं भीड़




को देखते हुए नगर के मुख्य मार्ग पर कामधेनु चौक एवं नागपुर नाके से बडे भारी वाहनों पर प्रतिबंध भी लगाया गया। जिससे यातायात सुचारु बना रहे। पुलिस द्वारा रविवार को थाना परिसर में श्रम दान करते हुए साफ सफाई की। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया थाना भवन एवं थाना परिसर में सफाई सफाई नहीं होने से यहां वहां कचरा पडा हुआ था, परिसर में पेड़ पौधों की पत्तियाँ पड़ी हुई थी। रविवार को टीआई सहित पुलिस कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर थाना भवन एवं परिसर में साफ सफाई की गई।

## पदाधिकारी ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत रविवार को उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल संजय श्रीवास्तव ने बैतूल जिले की विधानसभा क्षेत्र 132-घोड़ाडोंगरी एवं 131-बैतूल के विभिन्न मतदान केंद्रों पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण कर समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम श्री श्रीवास्तव ने विधानसभा क्षेत्र 132-घोड़ाडोंगरी के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर के कार्यालय में चल रहे पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रपंज आर द्वारा कार्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 132ङ्कघोड़ाडोंगरी के मतदान केंद्र क्रमांक 130, 131, 132, 133 एवं 156 का भ्रमण कर संबंधित बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दोपहर पश्चात उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 131-बैतूल के मतदान केंद्र क्रमांक 102, 128 एवं 134 का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर उपस्थित बीएलओ द्वारा उन्हें बीएलओ एप के माध्यम से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं रिपीट मतदाताओं की सूची के वाचन, बीएलए को सूची उपलब्ध कराने तथा कार्यवाही उपरांत विवरण को एप पर अपलोड किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके उपरांत विधानसभा क्षेत्र 131-बैतूल के पुनरीक्षण कार्य की समग्र समीक्षा की गई।

**शिविर** | **आरबीएसके अंतर्गत जिले से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की जांच**

# विशेष हृदय रोग शिविर के लिए 75 बच्चे भोपाल रवाना

**बैतूल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि मिशन संचालक एनएचएम भोपाल डॉ. सलोनी सिड़ाना द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में रविवार को विशेष हृदय रोग शिविर के लिए जिले के 75 चिन्हित बच्चों को जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल भेजा गया।**

यह शिविर प्रशांती मेडिकल सर्विसेज एवं रिसर्च फाउंडेशन, सत्यसाई मार्ग, राजकोट द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार यह दल जिला




चिकित्सालय परिसर, बैतूल से प्रात: 10 बजे रवाना हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हुरमाड़े ने दो बसों, तीन एम्बुलेंस एवं 7 चिकित्सकों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर में बच्चों की हृदय रोग संबंधी समस्त जांचें, ईको पद्धति से परीक्षण एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण किए जाएंगे। सीएमएचओ ने बताया कि बच्चों की आवागमन की संपूर्ण व्यवस्था, साथ ही भोजन, पेयजल एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय रोग जांच के लिए जिले से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को शिविर में भेजा गया है। बच्चों के साथ जा रहे पालकों से सीएमएचओ ने भेंट कर शिविर की समस्त जानकारी साझा की तथा बच्चों के उपचार एवं आगे की चिकित्सा सुविधाओं के लिए शासन द्वारा संचालित बाल हृदय उपचार योजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। डॉ. हुरमाड़े ने जानकारी दी कि बच्चों की यात्रा, भोजन, दवाइयों और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को हृदय रोग परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। शिविर प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि आरबीएसके टीम द्वारा स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है, जिसके माध्यम से संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का चिह्नांकन किया गया। इन बच्चों को 2 बसों, 3 एम्बुलेंस और 3 छोटे वाहनों से भोपाल भेजा गया। बच्चों के साथ 8 आरबीएसके चिकित्सक, 1 मेडिकल ऑफिसर, 3 फार्मासिस्ट और एक स्पेशल एजुकेटर का दल भी गया है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. विनोद शाक्य, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रांजल उपाध्याय एवं आरबीएसके जिला मैनेजर योगेन्द्र दवंडे भी उपस्थित रहे।

## रक्त की कमी से जंग में बच्चों की जिद बनेगी संजीवनी



**बैतूल। रक्त की कमी से जूझते जिला ब्लड बैंक के लिए अब बच्चों की भावनाएं सबसे बड़ी ताकत बनेंगी।**

सेवा दिवस से प्रेरित होकर सेवा माह में ताप्ती आनंद क्लब बैतूल और मां शारदा सहायता समिति ने ऐसा भावनात्मक नवाचार शुरू किया है, जो समाज को भीतर तक झकझोर देगा। मासूम बच्चों की कलम से निकले पत्र अब परिवारों को रक्तदान के लिए आगे आने को मजबूर करेंगे। मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग की राज्य आनंद संस्थान से संबद्ध ताप्ती आनंद क्लब बैतूल एवं मां शारदा सहायता समिति द्वारा 26 जनवरी तक सेवा दिवस से प्रेरित होकर सेवा माह मनाया जा रहा है। इस सेवा माह के अंतर्गत विपरीत परिस्थितियों में जिला ब्लड बैंक में रक्त की कमी के दौरान आगे आकर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में अजय नावंगे, शिवप्रसाद छिपने और रोहित मानकर को सम्मानित किया गया है, जबकि भविष्य में ऐसे सभी रक्तवीरों को भी सम्मानित किया जाएगा।


### नाम परिवर्तन

मैं आनंद जाट यह घोषणा करता हूं कि मेरा व पिता का नाम आधार पैन कार्ड में मेरा नाम आनंद जाट (ANAND JAT) पिता चैनाजी जाट(CHENAJI JAT) दर्ज है तथा स्कूली दस्तावेज अंकसूची में मेरा व पिता का नाम आनंद जाट (AANND JAT) पिता चैनाजी (CHAINAJI) दर्ज है अत: आनंद जाट (ANAND JAT) पिता चैनाजी जाट (CHENAJI JAT)दोनों नाम मेरे एवं पिताजी के हैं, जो की सत्य एवं सही हैं. शपथ पत्र दिनांक 13 /12 /2025